पीआरजीआई से प्रदत्त पंजीयन संख्या-UAHIN/25/A3123

www.parvatprerna.com

सांध्य दैनिक

# पर्वत प्रेरणा

निष्पक्ष एवं निर्भीकता के साथ सम्पूर्ण राज्य का एक संस्करण

वर्ष : 2 अंक : 254 हल्द्वानी रविवार, 19 अप्रैल 2026 मूल्य 1.00 रुपये पृष्ठ: 8

## एक नजर

### शक्तिफार्म में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती

**शक्तिफार्म।** क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। अब यहां 24 घंटे चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए चिकित्सकों का ड्यूटी रोस्टर लागू कर दिया गया है। अब तक क्षेत्र की बड़ी आबादी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर निर्भर थी, जहां सीमित संसाधनों के कारण मरीजों को पर्याप्त उपचार नहीं मिल पाता था। रात के समय आपात स्थिति में मरीजों को सितारगंज या अन्य स्थानों की ओर जाना पड़ता था, जिससे परेशानी बढ़ जाती थी स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, अस्पताल में इमरजेंसी सेवाओं को सुचारू रखने के लिए डॉक्टरों की शिफ्टवार तैनाती की गई है। साथ ही, शक्तिफार्म अस्पताल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में विकसित करने की प्रक्रिया भी जारी है, जिससे भविष्य में यहां और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। प्रशासन का कहना है कि इस व्यवस्था से क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी और समय पर इलाज उपलब्ध हो सकेगा।

### श्रद्धापूर्वक मनाई गई जिम कॉर्बेट की पुण्यतिथि



**कालाढूंगी।** विश्व प्रसिद्ध जिम कॉर्बेट की आज 72 वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गयी। कालाढूंगी कॉर्बेट ग्राम विकास समिति के तत्वावधान में जिम कार्बेट की पुण्यतिथि पर कॉर्बेट संग्रहालय में लगी कॉर्बेट की प्रतिमा पर ग्राम विकास समिति पदाधिकारियों व क्षेत्रीय लोगों ने माल्यार्पण किया। इसी के साथ कालाढूंगी क्षेत्र व छोटी हल्द्वानी को दिए गए उनके योगदान को किया गया याद। कॉर्बेट की पुण्यतिथि को सादगी के साथ मनाया गया। इस दौरान समिति अध्यक्ष राजकुमार पांडे सहित सभासद रोहित बुधलाकोटी, मनोज अधिकारी, राजेश टम्टा, गणेश मेहरा, मोहन पांडे, राकेश बेलवाल, केशर सिंह अधिकारी, इंद्र सिंह बिष्ट, संग्रहालय प्रभारी पूरन बिष्ट उपस्थित रहे।

# अक्षय तृतीया पर आज से चारधाम यात्रा का शुभारंभ

## मां गंगा के जयकारों के बीच खुले गंगोत्री धाम के कपाट, हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा





**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर आज उत्तराखंड की विश्वप्रसिद्ध चारधाम यात्रा का विधिवत शुभारंभ हो गया है। वैदिक मंत्रोच्चार, धार्मिक अनुष्ठानों और हर-हर गंगे के गगनभेदी जयकारों के बीच दोपहर 12.15 बजे गंगोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। इस दिव्य क्षण के साक्षी स्वयं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बने। कपाट खुलते ही पूरा धाम आस्था के रंग में रंग गया। हजारों श्रद्धालु मंदिर प्रांगण में मौजूद रहे और मां गंगा के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई, जिसने इस ऐतिहासिक पल को और भी अलौकिक बना दिया। कपाट खुलने से पूर्व तड़के मां गंगा की उत्सव डोली भैरव घाटी से गंगोत्री धाम के लिए रवाना हुई। भैरव घाटी में विशेष पूजा-अर्चना के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ डोली यात्रा आगे बढ़ी।

मंदिर समिति के सचिव सुरेश सेमवाल के अनुसार गंगा पूजन, गंगा सहस्रनाम पाठ और विशेष अनुष्ठानों के बाद देश-विदेश के श्रद्धालुओं के लिए कपाट खोले गए। पहले ही दिन हजारों श्रद्धालुओं ने मां गंगा के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इससे पूर्व गत दिवस मां गंगा की भोगमूर्ति डोली का प्रस्थान मुखबा गांव से पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। ग्रामीणों ने 'कल्यो' और फाफरे का भोग अर्पित कर नम आंखों से मां को छह माह के प्रवास के लिए विदा किया। ढोल-दमाऊं और आर्मी बैंड की अगुवाई में डोली यात्रा, धराली के समेश्वर देवता की देवडोली के साथ गंगोत्री धाम पहुंची, जहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने मां गंगा का भव्य स्वागत किया। गंगोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा का पहला चरण शुरू हो गया है। केदारनाथ मंदिर के कपाट खुलने की प्रक्रिया भी आज से शुरू हो गई है। भगवान केदारनाथ की पंचमुखी चल उत्सव विग्रह डोली सुबह शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मंदिर से भव्य रूप में धाम के लिए रवाना हो गई। वैदिक मंत्रोच्चार, पूजा-अर्चना और परंपरागत रीति-रिवाजों के बीच मंदिर की परिक्रमा कर डोली आगे बढ़ी। इसके बाद बद्रीनाथ धाम के कपाट भी श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे।

### सड़क हादसे में 16 वर्षीय किशोर की मौत

**सितारगंज।** पीलीभीत हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में 16 वर्षीय बाइक सवार किशोर की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चौकी प्रभारी सरकड़ा दीपक तिवारी के अनुसार, अमरिया की ओर से आ रहे डंपर ने सितारगंज से अमरिया की ओर जा रही बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान नितीन कुमार (16) पुत्र रोहतास, निवासी ग्राम फुलैय्या, थाना अमरिया, जनपद पीलीभीत के रूप में हुई है। पुलिस ने डंपर व बाइक को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# रुद्रपुर कोतवाली में सैकड़ों कांग्रेसियों ने काटा हंगामा

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित करने पर कोतवाली में दी तहरीर



**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के खिलाफ सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट बनाकर भ्रामक एवं आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित करने पर तमाम कांग्रेसी आक्रोशित हो गए उन्होंने विधायक तिलक राज बेहड के नेतृत्व में कोतवाली में जमकर हंगामा काटा और पार्षद गौरव खुराना ने इस मामले में कोतवाली में तहरीर दे दी है।

विधायक बेहड ने कहा की कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के नाम से किस अज्ञात व्यक्ति ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर एक फर्जी अकाउंट बना लिया। जिसमें बंगाली समुदाय को बंगाली घुसपैठिए व मुसलमान कहकर संबोधित किया गया। उन्होंने कहा या पूरी तरह से निराधार है जो एक साजिश के तहत किया गया है विधायक ने कहा कि यदि कांग्रेस सत्ता में आती है तो ऐसे लोगों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा इस मामले को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष ने साफ इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार का बयान उन्होंने नहीं दिया है।यह एआई के माध्यम से दुरुपयोग कर तैयार की गई है जिसका उद्देश्य उनकी राजनीतिक छवि धूमिल करना है। ठुकराल ने कहा की सत्ता के नशे में चूर लोग कांग्रेस को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन जनता उन्हें माफ नहीं करेगी। इस दौरान सैकड़ो कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी की और तत्काल प्रभाव से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान प्रदर्शन करने वालों में मोहनखेड़ा संजय जुनेजा, ममता रानी,ममता हालदार, राजवीर सिंह, सुखवंत सिंह, सुनील चुघ, संजीव गुप्ता, विकास बंसल, संजय ठुकराल, परिमल राय, अर्जुन विश्वास, प्रेमानंद महाजन, प्रीति साना, उमा सरकार, मोनिका ढाली, मानस बैरागी, असित बाला,किशोर हालदार, विकास मल्लिक, सत्यम राय, मनीष गिरी, राकेश अधिकारी, गौतम मंडल, अशोक राय, रमन विश्वास, जयदेव मदक, खगोपती विश्वास, संजय आइस, विकास विश्वास, पवन बिष्ट, तरुण नेगी, पिंटू गांगुली, जितेश शर्मा समेत कई लोग मौजूद थे।

# मोदी नाम के सहारे नहीं चलेगा काम, 2027 में मुश्किल तय!

## अपनी ही सरकार पर बरसे विधायक बंशीधर भगत



**पर्वत प्रेरणा ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कालाढूंगी से विधायक ने शहर और आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से खुदी पड़ी सड़कों के मुद्दे पर अपनी ही सरकार की कार्यप्रणाली पर तीखा हमला बोल दिया। जिला योजना समिति की बैठक में उन्होंने साफ शब्दों में चेताया कि यदि हालात नहीं सुधरे तो 2027 का चुनाव मुश्किल हो सकता है।

उन्होंने दो टूक कहा मोदी जी-मोदी जी कहकर काम नहीं चलेगा। यह बयान न केवल स्थानीय प्रशासन, बल्कि सत्ताधारी तंत्र के लिए भी एक सख्त राजनीतिक संकेत माना जा रहा है। बैठक में प्रभारी मंत्री की मौजूदगी में भगत ने शहर की बदहाल सड़कों और अधूरे कार्यों को लेकर खुलकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के नाम पर योजनाओं का क्रियान्वयन अव्यवस्थित तरीके से किया गया है।

भगत ने तंज कसते हुए कहा कि पहले गलियां खोदी गईं, फिर राइजिंग लाइन डाली गई, उसके बाद नलकूप और अब ओवरहेड टैंक बनाए जा रहे हैं। इस पूरी प्रक्रिया में तीन साल बीत गए, लेकिन जनता आज भी टूटी सड़कों पर चलने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन बिछा दी गई है, लेकिन पानी नहीं आ रहा, जिससे सड़कों की हालत और खराब हो गई है। तीन साल से लोग खुदी गलियों में घूम रहे हैं, यह बहुत गलत काम हुआ है, उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा।

हालांकि अपने बयान को संतुलित करते हुए भगत ने बाद में बजट की कमी का हवाला भी दिया और अधिकारियों को सीधे तौर पर दोषी ठहराने से बचते नजर आए। उन्होंने प्रभारी मंत्री से अतिरिक्त बजट की मांग करते हुए कहा कि इस समस्या का जल्द समाधान जरूरी है। बैठक के दौरान भगत ने जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष आनंद दरम्वाल को भी नसीहत दे डाली। उन्होंने कहा, कभी इलाके में भी रहा करो यार, जिस पर बैठक में हलचल का माहौल बन गया।

भगत का यह बयान सिर्फ स्थानीय अव्यवस्थाओं पर नाराजगी नहीं, बल्कि आगामी चुनावों को लेकर पार्टी के भीतर बढ़ती चिंता का संकेत भी माना जा रहा है। यह साफ है कि जनता अब सिर्फ बड़े नेताओं के नाम पर नहीं, बल्कि जमीनी कामकाज के आधार पर ही अपना फैसला करेगी। हल्द्वानी में सड़कों, पानी और अधूरी परियोजनाओं का मुद्दा अब आम जनजीवन को सीधे प्रभावित कर रहा है। ऐसे में यह बयान सत्ता के लिए एक चेतावनी है कि अगर विकास कार्यों की रफ्तार और गुणवत्ता नहीं सुधरी, तो 2027 की राह आसान नहीं होगी।

# सम्पादकीय

## अक्षय तृतीया: भौतिकता और आध्यात्मिकता के संतुलन का संदेश

भारत की सांस्कृतिक चेतना में अक्षय तृतीया केवल एक पर्व नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन का प्रतीक है। 'अक्षय'अर्थात जो कभी समाप्त न हो इस दिन के मूल भाव को स्पष्ट करता है। यह विश्वास कि इस तिथि पर किए गए जप, तप, दान और पुण्य कर्म अक्षय फल प्रदान करते हैं, भारतीय समाज को सदियों से संयम, सेवा और साधना की ओर प्रेरित करता आया है। यह पर्व विशेष रूप से उल्लेखनीय है क्योंकि इसमें सनातन और जैन परंपराओं का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। जैन धर्म में प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव के जीवन से जुड़ी घटना दीर्घ तपस्या के उपरांत उनके पारणा का प्रसंग इस दिन को और भी पवित्र बनाता है। यह केवल एक धार्मिक आख्यान नहीं, बल्कि उस सामाजिक चेतना का प्रतीक है, जहाँ दान, संयम और आत्मशुद्धि को जीवन का आधार माना गया। लौकिक दृष्टि से भी अक्षय तृतीया का महत्व कम नहीं है। यह भारतीय कृषि-जीवन, श्रम-संस्कृति और आर्थिक गतिविधियों से गहराई से जुड़ी हुई है। किसानों के लिए यह दिन नई आशाओं का संचार करता है, वहीं शिल्पकारों, कुम्हारों और पशुपालकों के लिए यह सृजन और श्रम के सम्मान का अवसर है। प्राचीन काल में राजाओं द्वारा किसानों को बीज भेंट करने की परंपरा इस बात का संकेत थी कि राष्ट्र की समृद्धि का आधार श्रम और कृषि ही है।

किन्तु आज के संदर्भ में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या हम इस पर्व के मूल संदेश को समझ पा रहे हैं, या यह भी अन्य त्योहारों की तरह केवल उपभोग और प्रदर्शन तक सीमित होता जा रहा है? सोने की खरीद, उपभोक्तावाद और बाहरी आडंबर ने कहीं न कहीं इस पर्व की आध्यात्मिक गहराई को धुंधला कर दिया है। अक्षय तृतीया का वास्तविक संदेश भौतिक संग्रह नहीं, बल्कि आत्मिक उन्नयन है। यह हमें सिखाता है कि जीवन की अक्षयता धन-संपत्ति में नहीं, बल्कि संतोष, संयम और सेवा में निहित है। आज जब विश्व युद्ध, आतंक, आर्थिक प्रतिस्पर्धा और मानसिक अशांति से जूझ रहा है, तब यह पर्व हमें भीतर झांकने का अवसर देता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि यदि जीवन में संतुलन नहीं है, तो कोई भी उपलब्धि स्थायी नहीं हो सकती। भौतिकता और आध्यात्मिकता के बीच संतुलन ही वह मार्ग है, जो व्यक्ति और समाज दोनों को स्थायी समृद्धि की ओर ले जाता है। अत: आवश्यकता इस बात की है कि हम अक्षय तृतीया को केवल शुभ मुहूर्त या परंपरागत अनुष्ठान तक सीमित न रखें, बल्कि इसे आत्ममंथन और संकल्प का दिवस बनाएं। यदि इस दिन हम संयम, सेवा और साधना का संकल्प लें, तो यह पर्व वास्तव में हमारे जीवन को 'अक्षय' बना सकता है। अक्षय तृतीया हमें यही सिखाती है कि सच्ची समृद्धि बाहर नहीं, भीतर से प्रारंभ होती है और वही समृद्धि कभी समाप्त नहीं होती।

# आपदा प्रभावित क्षेत्रों का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

## अंतिम छोर तक पहुंच जिलाधिकारी ने लिया आपदा कार्यों का जायजा

### चचई-कनियालीकोट-अनरसा-बैसानी-नान-पौंसारी का किया स्थलीय निरीक्षण



**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने शनिवार को तहसील कपकोट अंतर्गत ग्राम पौंसारी का स्थलीय निरीक्षण कर आपदा के बाद चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने ग्राम में बैठक आयोजित कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि पुनर्निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि प्रभावित परिवारों को शीघ्र राहत मिल सके। उन्होंने सभी कार्यों को युद्धस्तर पर संचालित कर बरसात से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही, कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए थर्ड पार्टी निरीक्षण भी कराया जाएगा। क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर गुणवत्ता से समझौता न किया जाए। जल संस्थान को बैसानी पेयजल लाइन का एक सप्ताह के भीतर सुधारीकरण कर निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया।

सिंचाई विभाग को पौंसारी गदेरे में प्रोटेक्शन वर्क, ड्रेजिंग, नाले से बोल्डर हटाने तथा वॉल प्रोटेक्शन कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए गए।खंड विकास अधिकारी को सड़क से मानीगैर तक क्षतिग्रस्त पैदल मार्ग का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए। विद्युत बिलों में अधिकता की शिकायतों पर जिलाधिकारी ने यूपीसीएल के एसडीओ को केस-टू-केस सत्यापन कर एक माह के भीतर समाधान सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही, क्षतिग्रस्त विद्युत पोलों की शीघ्र मरम्मत के निर्देश भी दिए गए।

जिलाधिकारी ने जल संस्थान को प्रत्येक घर तक पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कर ग्राम प्रधान के माध्यम से प्रमाण पत्र प्राप्त करने को कहा। वहीं, बीडीओ को सभी क्षतिग्रस्त घराटों के पुनर्निर्माण के निर्देश दिए गए। बैठक में अवगत कराया गया कि आपदा से क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण हेतु राज्य आपदा मोचन निधि से 14 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। लोक निर्माण विभाग द्वारा क्षेत्र में छ: पुलों के निर्माण की टेंडर प्रक्रिया जारी है, जिनका कार्य मई माह से प्रारंभ किया जाएगा। सिंचाई विभाग द्वारा पौंसारी गदेरे के प्रोटेक्शन कार्य हेतु पांच करोड़ का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया है।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने ग्राम नान में पुल की मरम्मत, चचई में पुलिया निर्माण तथा घराटों के पुनर्निर्माण के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आर सी. तिवारी, अपर जिलाधिकारी एन.एस. नबियाल, उप जिलाधिकारी कपकोट अनिल चन्याल,डीडीओ संगीता टम्टा, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जंगलों में लगी भीषण आग बन संपदा को पहुंचा बड़ा नुकसान

**बाराकोट।** गर्मी बढ़ने के साथ-साथ अब जंगलों में आग लगने की घटनाएं भी सामने नजर आ रही है। जिले के बाराकोट ब्लॉक में आज शनिवार शाम को तड़ाग के जंगलों में भीषण आग लग गई। ग्रामीणों के मुताबिक आग बड़े भू भाग में फैली हुई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द से जल्द आग पर काबू करने की मांग की है। बताया आग से बन संपदा को बड़ा नुकसान पहुंच रहा है। आज दोपहर भी छुलापे क्षेत्र में जंगलों में आग लगी हुई थी जिस पर वन विभाग के द्वारा काबू पाया गया। ग्रामीणों के मुताबिक आग अराजक तत्वों के द्वारा लगाई जा रही थी। ग्रामीणों ने वन विभाग से जंगलों की आग पर तत्काल है काबू पाने की अपील की है।कहा जल्द कार्यवाही से ही जंगलों को बचाया जा सकता है।

# मुख्य शिक्षा अधिकारी का औचक निरीक्षण, शिक्षा की गुणवत्ता और नवाचार पर जोर

**चमोली ।** जनपद में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुख्य शिक्षा अधिकारी आकाश सारस्वत ने 18 अप्रैल को कर्णप्रयाग विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों की शैक्षणिक गतिविधियों, अनुशासन और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



निरीक्षण के अंतर्गत राजकीय कन्या जूनियर हाईस्कूल सिदोली, राजकीय प्राथमिक विद्यालय देवल, राजकीय प्राथमिक विद्यालय जलगांव, राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज सिदोली तथा राजकीय इंटर कॉलेज बरतोली शामिल रहे। राजकीय इंटर कॉलेज बरतोली में उन्होंने प्रार्थना सभा में भाग लेकर छात्रों और शिक्षकों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने पढ़ने-लिखने की संस्कृति को मजबूत करने, व्यसनमुक्त समाज के निर्माण, नवाचारी शिक्षा पद्धति को अपनाने तथा स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा तक सीमित न रहकर जीवन मूल्यों के निर्माण का माध्यम बननी चाहिए।

प्रार्थना सभा के उपरांत शिक्षकों के साथ आयोजित बैठक में उन्होंने समय प्रबंधन, स्वअनुशासन और स्वाध्याय को शिक्षक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने पर बल दिया। साथ ही शिक्षकों को समयबद्ध और जिम्मेदारीपूर्ण कार्यशैली अपनाने के निर्देश दिए।

मुख्य शिक्षा अधिकारी ने विद्यालयों में कई नवाचारात्मक पहल लागू करने के निर्देश भी दिए। इनमें बहुभाषी प्रार्थना सभा का आयोजन, दीवार पत्रिका का निर्माण, सामूहिक जन्मोत्सव कार्यक्रम, पुस्तकालयों को सशक्त बनाना, छात्रों में पठन-पाठन की आदत विकसित करना और किचन गार्डन की स्थापना शामिल हैं।

इस निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. गजपाल राम राज भी उपस्थित रहे। यह औचक निरीक्षण न केवल विद्यालयों की व्यवस्थाओं को परखने का माध्यम बना, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है।


## आवश्यकता है

हल्द्वानी शहर में तेज तर्रार रिपोर्टर चाहिए, वेतन योग्यतानुसार, इसके साथ ही नैनीताल, खटीमा, सितारगंज, किच्छा, बाजपुर, रामनगर, काशीपुर, देहरादून, हरिद्वार व ऋशिकेष आदि स्थानों पर संवाददाताओं व मार्केटिंग के लिए अनुभवी युवक-युवतियों की शीघ्र आवश्यकता है शीघ्र सम्पर्क करें अथवा अपना बायोडाटा मेल करें।

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

मोबा. 9927213408, 8279487735


## आपका सुझाव - हमारी दिशा

प्रिय स्नेही जन

इस कॉलम के माध्यम से आप हमें यह बता सकते हैं कि 'पर्वत प्रेरणा' में आप क्या देखना चाहते हैं। कौन से मुद्दे उठाए जाएं क्या बेहतर हो, हम आपके सुझावों को गंभीरता से लेंगे और आपके नाम के साथ उन्हें प्रकाशित करेंगे।

हमें लिखें,भेजें ।

editordailyparvatprerna@gmail.com

WhatsApp:9927213408


**सम्पादक: सुरेश पाठक**

सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी **सुरेश पाठक** द्वारा भीड़ापानी ओखलकांडा प्रिंटिंग प्रेस भोलानाथ गार्डन हल्द्वानी से मुद्रित तथा साईं कालोनी नियर साईं मन्दिर, बजूनिया हल्दू, पो. कठघरिया, हल्द्वानी नैनीताल, उत्तराखण्ड से प्रकाशित। मो. 9927213408, 8279487735

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

# विकास प्रस्तावों को मिली गति, मंत्री खजान दास का भव्य स्वागत



**हल्द्वानी।** नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम में आयोजित कार्यक्रम में महापौर गजराज सिंह बिष्ट ने उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं जनपद नैनीताल के प्रभारी मंत्री खजान दास का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर पार्षदगण, अधिकारीगण और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में नगर के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम के दौरान महापौर द्वारा नगर की बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने हेतु चार प्रमुख प्रस्ताव मंत्री के समक्ष रखे गए। इनमें अनुसूचित जाति बहुल वार्ड संख्या 27 और 14 में सामुदायिक केंद्रों का निर्माण, वार्ड 36 स्थित अंबेडकर पार्क में अत्याधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण, तथा पर्वतीय क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं के लिए 100 क्षमता वाले आधुनिक छात्रावास की स्थापना शामिल रही।

इन प्रस्तावों पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री खजान दास ने छात्रावास निर्माण को अत्यंत आवश्यक और सराहनीय पहल बताया। उन्होंने इस प्रस्ताव को सैद्धांतिक सहमति प्रदान करते हुए आश्वासन दिया कि अनुसूचित छात्राओं के लिए शीघ्र ही छात्रावास का शिलान्यास किया जाएगा, जिससे दूरदराज पर्वतीय क्षेत्रों से आने वाली बालिकाओं को सुरक्षित और सुलभ आवासीय सुविधा मिल सकेगी। अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा और आधारभूत ढांचे के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है और छात्राओं के लिए छात्रावास निर्माण उनके सशक्त भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। साथ ही अन्य प्रस्तावों पर भी विभागीय स्तर पर शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया। महापौर गजराज सिंह बिष्ट ने कहा कि नगर के संतुलित विकास के लिए सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाई जा रही हैं। उन्होंने विशेष रूप से छात्रावास योजना को शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर बताते हुए कहा कि इससे पर्वतीय क्षेत्रों की छात्राओं को बड़ा लाभ मिलेगा। साथ ही सामुदायिक केंद्रों और ऑडिटोरियम के निर्माण से सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को भी नई दिशा मिलेगी।कार्यक्रम का माहौल सकारात्मक और विकासोन्मुख रहा, जिसमें जनप्रतिनिधियों ने नगर के सर्वांगीण विकास के लिए अपने सुझाव भी साझा किए। अंत में महापौर ने मंत्री खजान दास का आभार व्यक्त करते हुए उनके सहयोग से विकास कार्यों को और गति मिलने का विश्वास जताया।

## बागेश्वर बार एसोसिएशन में राजेश रौतेला अध्यक्ष, नरेंद्र कोरंगा बने उपाध्यक्ष



**बागेश्वर।** बागेश्वर बार एसोसिएशन का चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो गया है। चुनाव में विभिन्न पदों के लिए हुए मतदान में अधिकांश पदों पर निर्विरोध पदाधिकारी चुने गए। जबकि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुए।चुनाव में अध्यक्ष पद पर कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता गोविन्द सिंह भंडारी को प्रतिद्वंदी राजेश रौतेला ने नजदीकी मुकाबले में17 मतों से पराजित कर अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की। मुकाबले में विजेता रहे राजेश रौतेला को 44 जबकि पूर्व अध्यक्ष गोविंद सिंह भंडारी को 27 मत मिले।वही उपाध्यक्ष पद पर भी दिलचस्प मुकाबला रहा, जहां चंदन सिंह रौतेला को मात्र आठ मत मिले, जबकि नरेंद्र कोरंगा ने 63 मत प्राप्त कर एकतरफा जीत दर्ज की। इसके अलावा अन्य पदों पर अधिवक्ताओं का निर्विरोध चयन किया गया। जहां सचिव पद पर पंकज धपोला, सह सचिव के रूप में अनिल भाकुनी, महिला उपाध्यक्ष के रूप में भगवती धपोला और महिला सचिव के रूप में कुमारी रंजना सिंह ,कोषाध्यक्ष पद पर हरीश चंद्र आर्या तथा पुस्तकालय अध्यक्ष के रूप में धीरेंद्र सिंह परिहार निर्विरोध निर्वाचित हुए। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में विनोद भट्ट, सुरेंद्र नेगी, मयंक चौबे, कैलाश चंद्र और अजेंद्र सिंह कोरंगा को भी निर्विरोध चुना गया।चुनाव प्रक्रिया को चुनाव अधिकारी मनोज जोशी व मनोज कुमार जोशी ने संपन्न कराया। जबकि पर्यवेक्षक मेहरमान सिंह कोरंगा की निगरानी में पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हुई। वही निर्वाचित हुए पदाधिकारियों ने बार भवन में विजयी जश्न मनाया।

## उत्तराखंड में बदलेगा मौसम मिज़ाज- गर्मी के बीच राहत की दस्तक

**देहरादून।** उत्तराखंड में इन दिनों मौसम का दोहरा स्वरूप देखने को मिल रहा है। एक ओर मैदानी क्षेत्रों में तेज धूप और बढ़ती गर्मी ने जनजीवन को प्रभावित किया है, वहीं दूसरी ओर पहाड़ी इलाकों में बारिश और बर्फबारी का सिलसिला जारी है। इस बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 24 से 48 घंटों के दौरान राज्य में मौसम परिवर्तन का पूर्वानुमान जारी किया है, जो लोगों के लिए राहत भरी खबर लेकर आया है। मौसम विभाग के अनुसार आज राज्य के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा और तेज हवाओं के झोंके देखने को मिल सकते हैं।उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में बारिश के साथ ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी की संभावना है।वहीं देहरादून और हरिद्वार में बहुत हल्की बारिश हो सकती है। अधिकांश जिलों में हल्की बारिश जारी रहने के आसार हैं, जिससे मैदानी इलाकों में तापमान में गिरावट आएगी और लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। नैनीताल और आसपास के क्षेत्रों में बारिश के साथ ठंडी हवाएं चलने की संभावना है, जिससे मौसम सुहावना बना रहेगा। यह मौसम परिवर्तन जहां एक ओर किसानों और आम जनजीवन के लिए राहत लेकर आएगा, वहीं तेज हवाओं और गरज-चमक के कारण सतर्क रहने की भी आवश्यकता है। विशेषकर पहाड़ी क्षेत्रों में यात्रा करने वालों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

## हरीश रावत मुलाकात के बहाने तेज हुई सियासी हलचल

**देहरादून।** उत्तराखंड की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत का हालिया दिल्ली दौरा कई नए सवाल खड़े कर रहा है। राजधानी में उन्होंने पार्टी की प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा से मुलाकात की, जिसके बाद सियासी गलियारों में अटकलों का दौर तेज हो गया है। ब्रेक के ऐलान के बाद सक्रियता ने बढ़ाए सवाल यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है, जब कुछ दिन पहले ही हरीश रावत ने सक्रिय राजनीति से 15 दिन का ब्रेक लेने की बात कही थी। उनके इस फैसले ने पहले ही पार्टी के भीतर हलचल पैदा कर दी थी। इस पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरक सिंह रावत की टिप्पणी कि किसी एक नेता के न रहने से पार्टी की दिशा तय नहीं होती ने अंदरूनी मतभेदों को और उजागर कर दिया। दिल्ली में हुई इस मुलाकात को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। एक ओर इसे पार्टी के भीतर चल रही गुटबाजी को सुलझाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए नए राजनीतिक समीकरणों की संभावनाएं भी तलाशी जा रही हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि हरीश रावत पहले से ही अपने बेटे के लिए टिकट की पैरवी करते रहे हैं। ऐसे में यह मुलाकात केवल औपचारिक नहीं मानी जा रही, बल्कि इसके राजनीतिक निहितार्थ तलाशे जा रहे हैं। पार्टी के भीतर नेतृत्व, टिकट वितरण और रणनीति को लेकर मंथन की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। कुल मिलाकर, यह मुलाकात उत्तराखंड कांग्रेस की आंतरिक राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत का संकेत दे सकती है। अब देखना यह होगा कि यह संवाद संगठनात्मक मजबूती की दिशा में कदम साबित होता है या फिर गुटीय खींचतान को और गहरा करता है।



# अधिवक्ताओं के सम्मान पर टकराव न्यायिक गरिमा बनाम पेशागत अस्मिता

**नैनीताल।** जिला न्यायालय में अधिवक्ताओं और न्यायालय के बीच उत्पन्न विवाद अब गंभीर मोड़ ले चुका है। बार एसोसिएशन ने प्रथम अपर जिला जज (विशेष न्यायाधीश/एनडीपीएस) की अदालत के बहिष्कार का ऐलान कर स्पष्ट कर दिया है कि वह इस मुद्दे पर पीछे हटने के मूड में नहीं है। अधिवक्ताओं द्वारा न्यायिक अधिकारी पर लगाए गए अभद्र व्यवहार, गवाहों पर दबाव और प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के आरोप न्यायिक व्यवस्था की पारदर्शिता और गरिमा पर प्रश्नचिह्न खड़े करते हैं।

यह विवाद केवल एक व्यक्ति या न्यायालय तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यापक रूप से न्यायिक तंत्र और अधिवक्ता समुदाय के बीच विश्वास के संकट को उजागर करता है। अदालतें केवल न्याय देने का मंच नहीं होतीं, बल्कि वे विधिक मर्यादा, पारस्परिक सम्मान और प्रक्रिया की निष्पक्षता की प्रतीक भी होती हैं। ऐसे में यदि अधिवक्ताओं को ही उपेक्षा या अपमान का सामना करना पड़े, तो न्याय की पूरी प्रक्रिया प्रभावित होती है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण बिष्ट और सचिव संजय सुयाल द्वारा लिया गया कड़ा रुख इस बात का संकेत है कि अधिवक्ता समुदाय इसे केवल पेशागत असहमति नहीं, बल्कि अपने सम्मान और अधिकारों से जुड़ा मुद्दा मान रहा है। सोमवार से पूर्ण बहिष्कार का निर्णय और उच्च न्यायालय में शिकायत की चेतावनी इस संघर्ष को और व्यापक बना सकती है।

हालांकि, इस पूरे प्रकरण में एक पक्षीय दृष्टिकोण से आगे बढ़ना भी उचित नहीं होगा। न्यायपालिका की स्वतंत्रता और गरिमा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी अधिवक्ताओं की प्रतिष्ठा। अत: आवश्यक है कि इस विवाद का समाधान संवाद, निष्पक्ष जांच और संस्थागत हस्तक्षेप के माध्यम से निकाला जाए।

आज जरूरत इस बात की है कि न्यायालय और अधिवक्ता—दोनों ही अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए एक संतुलित और सम्मानजनक वातावरण सुनिश्चित करें। क्योंकि अंतत: न्याय व्यवस्था की विश्वसनीयता केवल निर्णयों से नहीं, बल्कि उस प्रक्रिया से भी तय होती है, जिसमें हर पक्ष को समान गरिमा और अवसर मिले।

यदि यह टकराव समय रहते सुलझाया नहीं गया, तो इसका प्रभाव न केवल न्यायालय की कार्यप्रणाली पर पड़ेगा, बल्कि आम जनता के न्याय प्रणाली पर विश्वास को भी कमजोर कर सकता है।

# जिला प्रशासन बनाएगा क्लस्टर बढ़ाने की कार्ययोजना

## डीएम ने जगथाना मॉडल को सराहा

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कपकोट तहसील अंतर्गत जगथाना मत्स्य जीवी समिति में संचालित ट्राउट मछली पालन परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने क्लस्टर फार्मिंग मॉडल की सराहना करते हुए इसे ग्रामीणों, विशेषकर युवाओं के लिए स्वरोजगार का सशक्त माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि मत्स्य पालन अब क्षेत्र में कृषि के साथ आय का प्रमुख स्रोत बनता जा रहा है और यह स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहा है। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक लोगों को इस गतिविधि से जोड़ने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं। मत्स्य अधिकारी मनोज मियान ने बताया कि जनपद में वर्तमान में 20 समितियां मत्स्य पालन से जुड़ी हैं, जो सामूहिक रूप से लगभग 70 लाख की आय अर्जित कर रही हैं। जगथाना समिति अकेले प्रतिवर्ष करीब 12 लाख का लाभ कमा रही है। यहां 03 समितियों के माध्यम से 30 से अधिक लोग अपनी आजीविका चला रहे हैं। ट्राउट मछली की उच्च मांग के कारण यह लगभग 500 प्रति किलोग्राम की दर से बिक रही है, जिससे ग्रामीणों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि उत्पादन में वृद्धि के साथ बागेश्वर की ट्राउट मछली का विपणन अब अन्य जनपदों व प्रदेशों में भी हो रहा है, जिससे जिले को नई पहचान मिल रही है।इस अवसर स्थानीय लोगो ने ट्राउट मत्स्य पालन को लेकर पूर्व में विभाग के साथ मुख्य विकास अधिकारी आर.सी तिवारी द्वारा भी लोगों को मत्स्य पालन में जागरूक कर उचित सहयोग देने हेतु उनका आभार जताया।इस दौरान अपर जिलाधिकारी एन.एस. नबियाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसएसपी ने थाने में जमे पुलिसकर्मियों का किया तबादला

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर ।** ऊधम सिंह नगर जनपद की कानून व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी, गतिशील बनाने की दिशा में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने एक बड़ा प्रशासनिक कदम उठाया है। एसएसपी के निर्देशों पर जनपद के विभिन्न थानों और चौकियों में लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनात पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में तत्काल प्रभाव से परिवर्तन किया गया है।एसएसपी अजय गणपति ने स्पष्ट किया कि एक ही स्थान पर लंबे समय तक तैनाती से कार्यप्रणाली में आने वाली शिथिलता को दूर करने के लिए यह स्थानांतरण आवश्यक थे। इससे पुलिसिंग में पारदर्शिता आएगी। इस फेरबदल का मुख्य लक्ष्य स्थानीय स्तर पर पनपने वाले किसी भी प्रकार के अनुचित गठजोड़ को समाप्त करना है, ताकि कानून का राज बिना किसी भेदभाव के स्थापित हो सके। पुलिसकर्मियों में नई सजगता आएगी, जिससे अपराध नियंत्रण और सूचना तंत्र को और अधिक मजबूती मिलेगी। प्रत्येक फरियादी की समस्या का निस्तारण निष्पक्षता के साथ हो और आम जनता का पुलिस प्रशासन पर विश्वास बना रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने सभी स्थानांतरित कार्मिकों को अपने नवीन तैनाती स्थल पर तत्काल कार्यभार ग्रहण कर पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ ड्यूटी करने के कड़े निर्देश दिए हैं।



## डॉ. ऋतु रखोलिया को एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड

**देहरादून।** इंडियन एकादमी ऑड पीडिएटरिक्स उत्तराखण्ड के अधिवेशन में बाल चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. ऋतु रखौलिया को एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान देवभूमी सोसायटी ऑफ पीडिएट्रिक्स उत्तराखंड द्वारा प्रदान किया गया। डॉ. रखोलिया वर्तमान में गोवेर्नमेंट मेडिकल कालेज हल्द्वानी में बाल रोग विभाग की प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। अधिवेशन के दौरान डॉ. रवी सहोता (अध्यक्ष), डॉ हस वैस, डॉ. शांतनू, डॉ राकेश एवं डॉ मधू रतूड़ी ने उन्हें प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने डॉ. रखोलिया के चिकित्सा एवं शैक्षणिक क्षेत्र में योगदान की सराहना की।



## सुरभि सेवा समिति ने 20 छात्राओं को दी छात्रवृत्ति

**पिथौरागढ़।** सुरभि सेवा समिति द्वारा एल. डब्लू. एस. बालिका इंटर कॉलेज भाटकोट में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाचार्य मोहन चंद्र पाठक ने अपनी शिक्षिका पत्नी अन्जू पाठक के जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर शिक्षा, खेल, विज्ञान और गाइड के क्षेत्र में उत्कृष्ट बीस छात्राओं को बालिका शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति देकर सम्मानित किया। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाचार्य शालिनी सिंह की अध्यक्षता और मालिनी फिलिप के संचालन में हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी महेश चंद्र मखौलिया, जयप्रकाश देवलाल, तुलसी दत्त भट्ट, डॉक्टर आशा जोशी ने छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ शिक्षणेत्तर गतिविधियों में बढ़चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके। सामाजिक चिंतक डॉक्टर तारा सिंह ने कहा कि अंजू पाठक एक विनम्र, कर्तव्यनिष्ठ, परोपकारी अध्यापिका थीं। उन्हीं के पदचिन्हों पर चलकर मोहन चंद्र पाठक यह कार्य कर रहे हैं। पर्वतारोही वासुदेव पान्डेय, शुभम और पवन ने विद्यालय की सभी छात्राओं को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छात्राओं को स्वास्थ्य सम्बन्धी काउंसलिंग की। विद्यालय की प्रधानाचार्य अंजना दास ने सभी अतिथियों का वर्चुअल माध्यम से आभार जताया। इस मौके पर अनुपमा बोहरा, निरंजना मसीह , साधना सिंह, निरुपमा जैकब, सुमिता सिंह, शैलरूपा जैकब, शैली पाठक, जिज्ञासु, शैलजा आदि मौजूद रहे।



## नशा मुक्ति के संदेश के साथ जागरूकता मैराथन आयोजित

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना राजकीय आयुर्विज्ञान एवं शोध संस्थान के सामुदायिक चिकित्सा विभाग की ओर से नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शनिवार को जनजागरूकता मैराथन का आयोजन किया गया। सुबह आयोजित इस मैराथन में एमबीबीएस प्रथम वर्ष (बैच 2025) के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह दौड़ पाण्डेखोला दोराहा बाईपास से जस्टिस जुवेनाइल बोर्ड, पाण्डेखोला तक निकाली गई, जिसके माध्यम से युवाओं और आमजन को नशा मुक्त समाज के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने नशा मुक्त उत्तराखण्ड का संदेश देते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की शपथ ली। मैराथन का उद्देश्य समाज में नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोगों को इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करना रहा। यह आयोजन प्राचार्य डॉ. सीपी भैसोड़ा के मार्गदर्शन और विभागाध्यक्ष डॉ. मस्रूफ एच. खान के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इसमें डॉ. मनीष भट्ट और डॉ. अंशुल ममगाई सहित डॉ. वान्या, डॉ. अनुश्का और डॉ. कृतिका का सहयोग रहा, जबकि इंटर्न्स के साथ एमएसडब्ल्यू मोहम्मद इकबाल, दीप चन्द्र और नरेश कुमार ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

## एक सप्ताह में सड़क का कार्य शुरु नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

**अल्मोड़ा।** नगर निगम पार्षद वैभव पांडे ने शहर की जर्जर सड़कों को लेकर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए एक सप्ताह के भीतर मरम्मत कार्य शुरू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय में सड़कों की हालत लंबे समय से खराब बनी हुई है, जहां जगह-जगह गड्ढे और टूटी सतह लोगों के लिए परेशानी का कारण बने हैं। पार्षद ने बताया कि इस मुद्दे को हाल ही में सोशल मीडिया के माध्यम से उठाया गया था, जिसके बाद संबंधित अधिकारियों ने संज्ञान लिया। अधिशासी अभियंता की ओर से आश्वासन दिया गया है कि एक सप्ताह के भीतर पेचवर्क और हॉट मिक्स का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## संस्कारों के साथ पर्यावरण का संदेश: पौड़ी में नामकरण और विवाह पर समलौण पौधारोपण

**पौड़ी गढ़वाल अंकित उनियाल।** पौड़ी गढ़वाल जनपद में समलौण परंपरा के तहत विभिन्न सामाजिक अवसरों पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड खिर्शू के पट्टी कण्डारस्यूं स्थित ग्राम मलुण्ड में दीप सिंह रावत और ऊषा देवी ने अपने नवजात शिशु के नामकरण संस्कार के अवसर पर घर के आंगन में अमरूद का समलौण पौधा रोपकर इस परंपरा को आगे बढ़ाया। पौधे के संरक्षण की जिम्मेदारी ऊषा देवी ने ली। कार्यक्रम का संचालन समलौण सेना नायिका लक्ष्मी देवी ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज के भौतिकवादी दौर में पर्यावरण के प्रति जागरूकता की कमी से प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। ऐसे में वृक्षारोपण और उनका संरक्षण बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में गांव की समलौण सेना की सदस्य रेखा देवी, पिंकी देवी, दीपा देवी, सम्पत्ति देवी सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। परिवार की ओर से इस पहल के लिए समलौण सेना को 500 रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी गई।वहीं दूसरी ओर, विकासखंड द्वारीखाल के पट्टी बिचला ढांगू के ग्राम गूम में एक विवाह समारोह के दौरान भी समलौण परंपरा निभाई गई। पाल सिंह नेगी की पुत्री के विवाह अवसर पर वर-वधू सचिन और रंजना ने घर के आंगन में मौसमी का पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पौधे की देखभाल की जिम्मेदारी संजना नेगी ने ली। कार्यक्रम का संचालन समलौण आंदोलन से जुड़े जगमोहन भण्डारी ने किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के प्रति घटती जागरूकता के कारण ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं, जिनसे बचने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण जरूरी है। दोनों कार्यक्रमों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जीवन के हर संस्कार—जन्म, नामकरण, विवाह—को प्रकृति से जोड़कर न सिर्फ परंपराओं को सशक्त बनाया जा सकता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित पर्यावरण भी सुनिश्चित किया जा सकता है।



## वरिष्ठ पत्रकार मनोज उनियाल का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**पर्वत प्रेरणा ब्यूरो**

**पौड़ी।** जुड़े वरिष्ठ पत्रकार मनोज उनियाल के आकस्मिक निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके निधन से पत्रकारिता जगत, सामाजिक संगठनों और आमजन में गहरा दु:ख व्याप्त है।मनोज उनियाल लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय थे और अपनी निष्पक्ष, निर्भीक एवं जन सरोकारों से जुड़ी खबरों के लिए पहचाने जाते थे। उनके योगदान को सदैव याद किया जाएगा। उनके निधन से मीडिया जगत को अपूर्णीय क्षति हुई है। उनके निधन पर विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक एवं व्यापारिक संगठनों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने कहा कि उनका सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और समाज के प्रति समर्पण हमेशा प्रेरणा देता रहेगा।शोक व्यक्त करने वालों में डॉ. श्रीकृष्ण उनियाल, अंकित भट्ट, सुधीर कमल, विजय बहुगुणा , सुरेश गौड़, अतुल ममगाई, अनिल भट्ट, अंकित उनियाल , पंकज भट्ट, मनमोहन सेंधवाल, विनय बहुगुणा, कमल पिमोली, सुदेश गौड, तनुज बड़ौनी, पंकज मैदोली, गोपी मैठाणी, नरेंद्र सिंह, संदीप बेलवाल और भगवान सिंह शामिल हैं।सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को इस दु:ख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है।



## चम्पावत आयुष्मान ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में प्राप्त की 22वीं रैंक डीएम ने दी शुभकामनाएं

**चंपावत।** जनपद चम्पावत के आयुष्मान ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) की परीक्षा में देशभर में 22वीं रैंक प्राप्त कर जनपद का नाम गौरवान्वित किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर जिलाधिकारी मनीष कुमार ने पुलिस विभाग में कार्यरत आयुष्मान के पिता, अपर उपनिरीक्षक सागर सिंह बिष्ट को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।जिलाधिकारी ने आयुष्मान को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे जनपद के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान की यह उपलब्धि जनपद के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी और उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।जिलाधिकारी ने विश्वास व्यक्त किया कि आयुष्मान भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश सेवा में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।



## रीठा साहिब मे गुलदार की खाल के साथ युवक गिरफ्तार

**चंपावत।** एसडीओ वन विभाग नेहा चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया वन्यजीव तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 18 अप्रैल को एसओजी, पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने जनपद चम्पावत के रीठा साहिब क्षेत्र से एक युवक को गुलदार की खाल के साथ गिरफ्तार किया है। भिंगराडा वन क्षेत्र अन्तर्गत चैड़ामेहता लीसा डिपो के समीप थाना रीठा साहिब अन्तर्गत एसओजी, पुलिस व वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। एसडीओ वन विभाग नेहा चौधरी ने बताया चैकिंग के दौरान अभियुक्त दीपक सिंह बोहरा (28 वर्ष) ग्राम गागरी, पो0 चैड़ामेहता रीठा साहिब चम्पावत के पास से गुलदार की खाल बरामद हुई। बरामद खाल की लम्बाई 120 सेमी0 है।

## अग्निशमन सेवा सप्ताह पर लोहाघाट में फायर ऑडिट व सुरक्षा प्रशिक्षण



**लोहाघाट।** एसपी चंपावत रेखा यादव के निर्देश पर आज 18 अप्रैल को देवेन्द्र सिंह कप्रवाण, क्षेत्राधिकारी चम्पावत के पर्यवेक्षण में फायर स्टेशन लोहाघाट टीम द्वारा अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत बैंकों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सरकारी कार्यालयों व फायर स्टेशन चम्पावत द्वारा वैल्यू एण्ड वैरायटी मॉल, एसबीआई चम्पावत में फायर ऑडिट किया गया तथा उपस्थित स्टाफ को अग्निसुरक्षा की जानकारी दी गयी तथाअग्निशमन उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण दिया गया। लोहाघाट में स्थित एचडीएफसी, पीएनबी, एसबीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक, नैनीताल बैंक सहित अन्य संस्थानों व चम्पावत में वैल्यू एण्ड वैरायटी मॉल, एसबीआईचम्पावत में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।साथ ही कर्मचारियों को आकस्मिक स्थिति में सुरक्षित निकासी एवं फायर उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# पिथौरागढ़ नगर का 46 करोड़ का मास्टर ड्रेनेज प्लान तैयार

## अब मानसून में जल भराव से मिलेगी राहत

**पिथौरागढ़।** सिंचाई विभाग द्वारा पिथौरागढ़ शहरी क्षेत्र के लिए 45.79 करोड़ रुपये की लागत से व्यापक मास्टर ड्रेनेज प्लान तैयार किया गया है। तैयार प्रस्ताव का अवलोकन जिलाधिकारी आशीष भटगांई द्वारा किया गया। जिसे दो चरणों में क्रियान्वित किया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य नगर क्षेत्र में वर्षा जल की सुचारु निकासी सुनिश्चित करना, जल भराव की समस्या को कम करना तथा मानसून के दौरान उत्पन्न होने वाली समस्याओं का स्थायी समाधान करना है। योजना का क्रियान्वयन सिंचाई खंड पिथौरागढ़ द्वारा किया जाएगा।

पिथौरागढ़ नगर का कुल क्षेत्रफल लगभग 13.50 वर्ग किलोमीटर है, जिसमें नगर परिषद, नोटिफाइड एरिया एवं कैंट क्षेत्र शामिल है। वर्षा ऋतु के दौरान भारी बारिश, कच्चे एवं अवरुद्ध प्राकृतिक नालों, अतिक्रमण तथा अनियोजित निर्माण के कारण नगर में जल निकासी के अवरुद्ध होने की समस्या लगातार बढ़ती रही है। पहाड़ी भू-आकृति होने के कारण आसपास के क्षेत्रों का अतिरिक्त जल भी नगर में प्रवेश करता है। जिससे कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

मास्टर ड्रेनेज प्लान के अंतर्गत नगर को बजेटी एवं रई दो जोनों में विभाजित किया गया है। योजना में भूमि अर्जन, विद्युत लाइन शिफ्टिंग एवं जल संस्थान से संबंधित कार्यों के लिए भी अलग से प्रावधान किया गया है। योजना के तहत कुल 16.77 किलोमीटर लंबाई के 28 नालों का निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण प्रस्तावित है। इनमें बजेटी जोन में 12.20 किलोमीटर तथा रई जोन में 4.57 किलोमीटर लंबाई का ड्रेनेज नेटवर्क विकसित किया जाएगा। घनी आबादी वाले क्षेत्रों में आरसीसी बॉक्स ड्रेन, अधिक जल प्रवाह वाले क्षेत्रों में ट्रेपेजॉइडल ड्रेन तथा खुले एवं कम आबादी वाले क्षेत्रों में सीसी बेस युक्त ड्रेनेज प्रणाली विकसित की जाएगी। यह मास्टर ड्रेनेज प्लान वर्ष 2046 तक की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। योजना के डिजाइन में आधुनिक तकनीकों जैसे सीवर जेम्स एवं आर्क जीआईएस मैपिंग का उपयोग किया गया है। वर्षा जल प्रवाह का वैज्ञानिक आकलन कर भविष्य की जरूरतों के अनुरूप सक्षम ड्रेनेज नेटवर्क की परिकल्पना की गई है। इस योजना के क्रियान्वयन से पिथौरागढ़ नगर में मानसून के दौरान जल भराव, सड़कों की क्षति, नालों के ओवरफ्लो एवं गंदगी जैसी समस्याओं में कमी आएगी तथा नागरिकों को बेहतर शहरी सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

# कांग्रेस का महिला विरोधी चेहरा हुआ बेनकाब : विकास

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रूद्रपुर ।** महिला आरक्षण विधेयक (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) के संसद में पारित न हो पाने पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए महापौर विकास शर्मा ने कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि 18 अप्रैल का दिन इतिहास में विपक्ष की उस 'सियासी हार' के रूप में याद किया जाएगा, जहाँ उन्होंने अपनी हताशा में देश की आधी आबादी के अधिकारों की बलि चढ़ा दी।

महापौर विकास शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प था कि नए भारत की संसद में मातृशक्ति केवल नीति निर्धारण का हिस्सा न बने, बल्कि नेतृत्वकारी भूमिका में हो। इसी सोच के साथ यह ऐतिहासिक कदम उठाया गया था। लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने जिस तरह से सदन के भीतर इस विधेयक का विरोध किया और वोटिंग के समय पीठ दिखाई, वह इस देश की हर उस महिला का अपमान है जो स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ना चाहती है। विपक्ष ने केवल एक कानून को नहीं रोका, बल्कि उन्होंने उन करोड़ों बेटियों की उम्मीदों पर प्रहार किया है जो भविष्य में देश की बागडोर संभालने का सपना देख रही थीं।उन्होंने कांग्रेस की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कांग्रेस ने दशकों तक देश पर राज किया, लेकिन कभी भी महिलाओं को उनका वाजिब हक देने की ईमानदारी नहीं दिखाई। जब मोदी सरकार ने साहस के साथ यह बिल पेश किया, तो कांग्रेस ने कभी परिसीमन तो कभी अन्य तकनीकी बहाने बनाकर इसमें रोड़े अटकाए। विपक्ष की ये साजिशें दर्शाती हैं कि वे केवल परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति करना जानते हैं, उन्हें राष्ट्र की नारी शक्ति के उत्थान से कोई सरोकार नहीं है। सदन में विपक्ष द्वारा बजाई गई तालियां दरअसल उनकी जीत का जश्न नहीं, बल्कि उनके वैचारिक पतन का मातम है।महापौर ने आगे कहा अब भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता जनता की अदालत में जाएगा। हम महिलाओं को बताएंगे कि कैसे उनके हक की लड़ाई लड़ने वाले मोदी जी के हाथों को विपक्ष ने रोकने की कोशिश की है। प्रधानमंत्री ने साइलेंट वोटर के सम्मान के लिए जो बिसात बिछाई है, विपक्ष ने उसमें खुद को फंसा लिया है। अब जनता तय करेगी कि उसे विकास और सम्मान देने वाली सरकार चाहिए या फिर महिला अधिकारों का गला घोंटने वाला स्वार्थी विपक्ष।

# फार्मेसी अधिकारियों ने काला फीता बांधकर जताई नाराजगी

**अल्मोड़ा।** जिले के विभिन्न अस्पतालों में फार्मेसी अधिकारियों ने चारधाम यात्रा के बिलों का भुगतान न होने पर विरोध जताया। शनिवार को अधिकारियों ने काला फीता बांधकर कार्य करते हुए सांकेतिक प्रदर्शन किया। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर हुए इस विरोध में अधिकारियों ने कहा कि वर्ष 2024-25 की चारधाम यात्रा से जुड़े बिलों का भुगतान लंबे समय से लंबित है, जिससे कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द भुगतान नहीं होने पर चारधाम ड्यूटी का बहिष्कार किया जा सकता है। जिला अस्पताल में हुए प्रदर्शन में ड्जेएस मनराल, श्याम लाल, जेएस देवड़ी, सुमन चम्याल, जीएस कोरंगा, पवन जोशी, गुंजन वर्मा, श्वेता शैली, देवकी नंदन जोशी। और दीपक कान्त पांडे वहीं जनपद कार्यकारिणी से अध्यक्ष डी के जोशी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जे एस मनराल, उपाध्यक्ष गोपाल सिंह,मंत्री रजनीश जोशी, संयुक्त मंत्री ललित नेगी, कोषाध्यक्ष कैलाश पपने व संप्रेक्षक माया पांडेय के निर्देशन में जनपद के विभिन्न चिकित्सालय में कार्यक्रम जारी है।

# महिला आरक्षण के विरोध पर कैबिनेट मंत्री ने विपक्ष को घेरा

**अल्मोड़ा।** महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक के विरोध में विपक्षी दलों द्वारा किए गए मतदान के खिलाफ आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने विपक्ष पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने आधी आबादी को उनके अधिकार से वंचित कर गंभीर गलती की है। रेखा आर्या ने कहा कि महिलाओं के सम्मान के साथ हुए इस व्यवहार का परिणाम विपक्षी दलों को आगामी चुनावों में भुगतना पड़ेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि देश की महिलाएं इस अपमान को याद रखेंगी और चुनाव में विपक्ष को करारा जवाब देंगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में एक तिहाई आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है और इस लक्ष्य को हर हाल में पूरा किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी सरकार में कई असंभव कार्य भी संभव हुए हैं और महिलाओं को आरक्षण दिलाने का श्रेय भी इसी सरकार को मिलेगा।कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष महेश नयाल,पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा किरण पन्त, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा पूनम पालीवाल, सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम संयोजक संदीप श्रीवास्तव, जिला महामंत्री कविता साह, नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष कमला तिवारी, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री बिट्टू कर्नाटक, मनीष जोशी,दर्शन रावत, प्रकाश भट्ट , देवेंद्र भट्ट सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शिशु/विद्या मन्दिर चमदेवल के वार्षिकोत्सव में मची सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम



**चंपावत ।** जिले के लोहाघाट ब्लॉक के सीमांत क्षेत्र गुमदेश में विद्या भारती द्वारा संचालित विद्यालय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर चमदेवल के वार्षिकोत्सव में बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत प्रधानाध्यापक आनंद सिंह ओली व विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य रायकोट कुंवर प्रतिनिधि डुंगर सिंह प्रथोली रहे। कार्यक्रम का शुभ शुभारंभ में दीप प्रज्वलन तथा मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने कुमाऊनी,गढ़वाली ,पंजाबी ,राजस्थानी नृत्य से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष शिवराज सिंह धौनी, प्रबंधक जोगा सिंह धौनी ,सामाजिक कार्यकर्ता रामलीला समिति के अध्यक्ष नर सिंह धौनी, समस्त विद्यालय परिवार के शिक्षक गण उपस्थित रहे अतिथियों के द्वारा बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग कार्यक्रमों की भरपूर सराहना की गई। मुख्य अतिथि द्वारा विद्या भारती की कार्यप्रणाली तथा संस्कारवान शिक्षा पर प्रकाश डाला गया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य लक्ष्मण सिंह बोहरा ने सभी सहयोगियों एवं क्षेत्र वासियों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ आचार्य चतुर सिंह धौनी ने किया। कार्यक्रम में भावना कलौनी, कविता बोहरा श्रीमती रेखा कलौनी, गंगा चंद,तथा हरीश जोशी ,रविचंद ने भरपूर सहयोग किया।

# मौड़ा में घास काट रही महिला पर गुलदार का हमला बाल बाल बची महिला



**लोहाघाट।** ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों में गुलदार के हमले थमने का नाम नहीं ले रहे है। जहां पिछले महीने पंचेश्वर में गुलदार ने एक सिक्किम के व्यक्ति पर हमला कर घायल कर दिया था। तो चार दिन पूर्व मऊ में गेहूं काट रही छात्रा पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी के मुताबिक आज मऊ इंटर कॉलेज के पास दो गुलदार देखे गए हैं। तो वहीं शनिवार सुबह गुलदार ने सीमांत मोड़ा गांव में अपने साथियों के साथ घास काट रही नेहा बोहरा पर हमला कर दिया नेहा पर हमला होते देख साथी महिलाओं के द्वारा हल्ला गुल्ला मचाकर गुलदार को किसी तरह वहां से खदेड़ा गया। इसके बाद गुलदार ने नीचे गांव में जाकर एक बकरी को अपना निवाला बना दिया। मोड़ा ग्राम प्रधान दिलीप सिंह बोहरा वह पूर्व सैनिक केदार बोहरा ने बताया महिला पर हुए गुलदार के हमले से गांव में दहशत का माहौल बन गया है उन्होंने बताया वन विभाग को सूचना देने के बाद वन विभाग की टीम रेंजर एन0 डी0 पांडे के नेतृत्व में गांव में पहुंची तथा घटना की जानकारी ली। उन्होंने कहा वन विभाग के द्वारा ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया है कि जल्द गांव में पिंजरा लगाया जाएगा। साथ ही वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को जागरूक किया। वही ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द से जल्द पिजड़ा लगाने की मांग की है। पूर्व सैनिक बोहरा ने बताया गुलदार के हमले में महिला बाल बाल बची है। हमले में उसके कपड़े तक फट गए हैं। फिलहाल गांव में दहशत है। इस दौरान बन बीट अधिकारी पीयूष बिष्ट मौजूद रहे। अभी तक गुलदारों के द्वारा लोहाघाट विधानसभा में जहां दो लोगों को मौत के घाट उतारा जा चुका है तो कई लोगों को गुलदार के द्वारा घायल किया गया है तथा कई मवेशियों को निवाला बनाया जा चुका है। तो वहीं वन विभाग के द्वारा पांच गुलदारों को पिंजरे में कैद कर रेस्क्यू सेंटर भेजा गया है।

# पार्किंग निविदा में लागत और तिथियों में विसंगति

**अल्मोड़ा।** नगर निगम की बहुमंजिला पार्किंग की निविदा प्रक्रिया को लेकर विवाद गहराने लगे हैं। निविदा दस्तावेजों में लागत और तिथियों में अंतर सामने आने से पूरी प्रक्रिया पर सवाल उठाए जा रहे हैं। मामले में निविदा की लागत को लेकर गंभीर विसंगति सामने आई है। निविदा सूचना में न्यूनतम लागत 37,00,077 दर्शाई गई है, जबकि आधिकारिक निविदा प्रपत्र में यह राशि 32,56,678 दर्ज है। दोनों आंकड़ों में करीब 4,44,092 का अंतर होने से पारदर्शिता पर संदेह जताया जा रहा है। इसके अलावा निविदा की अवधि को लेकर भी सवाल खड़े हुए हैं। दस्तावेजों में कार्य अवधि 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक दर्शाई गई है, जबकि निविदा 16 अप्रैल 2026 को जारी की गई। इसे लेकर कार्य अवधि शुरू होने के बाद निविदा जारी किए जाने पर आपत्ति जताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की गड़बड़ियां प्रक्रिया में अनियमितता की ओर इशारा करती हैं, जिससे बोलीदाताओं में भ्रम की स्थिति बन सकती है। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी से निविदा प्रक्रिया को निरस्त कर नई और पारदर्शी प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है।

# जिले मे नशा उन्मूलन एवं अवैध तस्करी पर डीएम के सख्त निर्देश

## सीमा, खेत और बाजार—हर स्तर पर नशे के विरुद्ध सख्त पहरा एनकॉर्ड की बैठक आयोजित

### नशा उन्मूलन एवं अवैध तस्करी पर डीएम के सख्त कार्रवाई के निर्देश



**चम्पावत।** जिला सभागार में जिलाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में एनकॉर्ड की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में मादक पदार्थों की रोकथाम, अवैध तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण तथा नशा उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे अभियानों की विस्तृत समीक्षा की गई।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में नशे के खिलाफ व्यापक एवं सतत अभियान संचालित किया जाए तथा युवाओं को जागरूक करने के लिए विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नियमित कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

उन्होंने पुलिस एवं संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी को और सुदृढ़ करते हुए जिलाधिकारी ने सीमा पर विशेष गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए, ताकि बाहरी स्रोतों से होने वाली तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।इसके साथ ही उन्होंने भांग की अवैध खेती को चिन्हित करने हेतु पुलिस एवं राजस्व विभाग को संयुक्त रूप से अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिस खेत में अवैध खेती पाई जाए, उसके वास्तविक स्वामी की स्पष्ट पहचान सुनिश्चित की जाए तथा संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए

।जिलाधिकारी ने औषधि निरीक्षक को भी जनपद के मेडिकल स्टोर्स की नियमित जांच करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रतिबंधित या नशीली दवाओं की अवैध बिक्री पर सख्ती से रोक लगाई जाए और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखी जाए तथा सूचना तंत्र को मजबूत करते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, मुख्य विकास अधिकारी डॉ जी एस खाती, अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी, उपजिलाधिकारी नीतू डागर, अधिशासी अभियंता एम.सी. पलाड़िया, हितेश कांडपाल सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**उधर** जिला सभागार में जिलाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने, यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने तथा यात्रियों को सुरक्षित एवं बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित सड़क निर्माण एवं अनुरक्षण एजेंसियों को सड़क सुरक्षा मानकों के अनुरूप कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। चम्पावत बाईपास की प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया गया कि 4 किलोमीटर सड़क कटान का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष 3 किलोमीटर में कटान कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने जनपद में सभी सड़क निर्माण कार्यों से प्रभावित प्राकृतिक जलधाराओं (धारों/नालों) को उनके मूल स्वरूप में पुनर्स्थापित करने के निर्देश दिए। स्वाला क्षेत्र में चल रहे सुधार कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर चिन्हित अन्य संभावित डेंजर जोन को भी प्राथमिकता के आधार पर ठीक करने को कहा। राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित कोट अमोडी स्थित में सुधार कार्य प्रारम्भ ने होने होने पर जिलाधिकारी ने ठेकेदार बदलते हुए कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनपद में ग्रामीण सड़कों के किनारे वृक्षारोपण हेतु समुचित कार्ययोजना तैयार करने के साथ ग्रामीण सड़को की मरम्मत पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। पीएमजीएसवाई सड़कों के संबंध में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन सड़कों की अनुरक्षण अवधि पूर्ण हो चुकी है, उनका चिन्हीकरण कर प्रस्ताव शासन को भेजा जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने जनपद के विभिन्न मार्गों पर स्पीड लिमिट का पुनरीक्षण (रिवाइज) किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ जी एस खाती, अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी, उपजिलाधिकारी नीतू डागर, एआरटीओ मनोज बागोरिया, अधिशासी अभियंता एम.सी. पलाड़िया, हितेश कांडपाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नैनीताल जु-जित्सू टीम आल इंडिया यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में लेगी भाग



**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** जिला जु-जित्सू संघ के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल की जू-जित्सु टीम को आल इंडिया यूनिवर्सिटी जु-जित्सू प्रतियोगिता, भोपाल के लिए शुभकामनाएं देकर रूद्रपुर से रवाना किया ।कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल की 23 सदस्यीय जू-जित्सु टीम ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी जु-जित्सू भोपाल स्थित एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में भाग लेगी। जिला अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य के खिलाड़ी अनुशासन, समर्पण और टीम भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लें तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कुमाऊं विश्वविद्यालय का नाम पूरे देश में रोशन करें।

साथ ही उन्होंने टीम कोच ऋषि पाल भारती की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमें पूर्ण आशा है कि कोच ऋषि पाल भारती के नेतृत्व में उत्तराखंड राज्य की टीम शानदार प्रदर्शन करेगी।

कोच ऋषि पाल भारती ने बताया कि दिनांक 20 से 24 अप्रैल 2026 तक एलएनसीटी यूनिवर्सिटी, भोपाल में आयोजित होने जा रही ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी जु-जित्सू प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने जा रही टीम में 13 महिला व 10 पुरुष खिलाड़ी शामिल है। जिसमें महिला टीम में शिवानी, कौशल्या गुप्ता, लोरी, खुशबू जोशी, साक्षी जोशी, श्रीपर्णा जोशी, पायल मेहता, मीनाक्षी पंत, काव्य आर्या, आरती मेहरा, सोनम, आकृति, कटाक्षा एवं पुरुष टीम में क्षितिज सिंह, शशांक बोरा, रुद्राक्ष नेगी, विशाल मेहता, रोहित, विक्की मुखिया, गौतम, हर्ष कुमार, सुमित मेहरा, हैप्पी सिंह व कोच मैनेजर हितेन मेहता शामिल है।

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के क्रीड़ा अधिकारी डॉ संतोष कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएँ और अवसर प्रदान करने के लिए सदैव प्रयासरत है। उन्होंने खिलाड़ियों को आत्मविश्वास के साथ खेलते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। एवं जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ़ उत्तराखंड के महासचिव विनय कुमार जोशी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का बेहतरीन मंच है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि कुमाऊं विश्वविद्यालय जू-जित्सु की टीम पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ शानदार प्रदर्शन करेगी।कुमाऊं विश्वविद्यालय परिवार एवं जिला जु-जित्सू एसोसिएशन के उपाध्यक्ष जॉनी हिराम तिग्गा, कोषाध्यक्ष किशोर सिंह, शोभा तिग्गा, मुकेश यादव, हिमा भट्ट, कृष्ण साना, कृष्ण चौहान, नरेंद्र सिंह, वसीम खान, गंगा मेहरा, गुलशन कुमार, सतीश जोशी, डीएसओ जानकी कार्की ने सभी खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्वल प्रदर्शन की कामना की।

## द्वाराहाट इंजीनियरिंग कॉलेज प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति प्रो. बिष्ट से की शिष्टाचार भेंट

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट से द्वाराहाट इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान कॉलेज के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. सी.सी. तिवारी और निदेशक के वैयक्तिक सहायक निखिल उपाध्याय ने कुलपति का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। भेंट के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति को 20 और 21 अप्रैल को आयोजित होने वाले 'सिंटिला' फेस्ट में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आमंत्रण दिया। इसके साथ ही उन्होंने कॉलेज की संरचनात्मक स्थिति और शैक्षिक गतिविधियों की भी जानकारी साझा की। इस मुलाकात को संस्थान और विश्वविद्यालय के बीच बेहतर समन्वय और शैक्षणिक सहयोग की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

## जागेश्वर क्षेत्र के 10 प्राचीन मंदिरों का होगा जीर्णोद्धार, पहले चरण में 5 पर काम जल्द शुरु


**अल्मोड़ा।** जागेश्वर विधानसभा क्षेत्र के धौलादेवी और लमगड़ा ब्लॉकों में स्थित 10 प्राचीन मंदिरों के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण का कार्य जल्द शुरू होने जा रहा है। यह परियोजना पुष्कर सिंह धामी की मुख्यमंत्री घोषणाओं में शामिल है। क्षेत्रीय विधायक मोहन सिंह मेहरा ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले चरण में पांच मंदिरों के सौंदर्यीकरण के प्रस्ताव अंतिम चरण में हैं और बजट स्वीकृति मिलते ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा। पहले चरण में जिन मंदिरों को शामिल किया गया है, उनमें चेलछीना का धुरका देवी मंदिर, दन्यां का उरधेश्वर शिव मंदिर, चमतोला का धारेश्वर शिव मंदिर, काकड़ी क्षेत्र का राघेश्वर मंदिर और ध्याड़ी का भीमा देवी मंदिर शामिल हैं। शेष पांच मंदिरों के लिए भी जल्द प्रस्ताव तैयार किए जाएंगे। विधायक ने बताया कि सभी 10 मंदिरों के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण पर करीब 10 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आने का अनुमान है। इस पहल से क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री स्तर पर बजट को लेकर कोई कमी नहीं है और आवश्यक धनराशि प्रस्ताव के अनुसार जारी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए जा चुके हैं।

## मेडिकल प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण, अनियमितताओं पर 5 को नोटिस

**अल्मोड़ा।** खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन की ओर से जिले के विभिन्न मेडिकल प्रतिष्ठानों में औचक निरीक्षण किया गया। शनिवार को कोसी, ताड़ीखेत और देवलिखेत क्षेत्रों में हुई कार्रवाई के दौरान दवा दुकानों की व्यवस्थाओं की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान ड्रग लाइसेंस की वैधता, दवाओं का स्टॉक और बिक्री-खरीद के अभिलेखों का सत्यापन किया गया। साथ ही यह भी देखा गया कि दवाओं की बिक्री पंजीकृत फार्मासिस्ट की मौजूदगी में और चिकित्सकीय पर्चे के आधार पर ही हो रही है या नहीं। इस दौरान सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था और उनकी रिकॉर्डिंग की भी जांच की गई। निरीक्षण में कुछ मेडिकल प्रतिष्ठानों में अनियमितताएं पाई गईं, जिस पर पांच प्रतिष्ठानों को सात दिन के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। कार्रवाई के दौरान तीन दवाओं के नमूने भी लिए गए, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। विभाग की ओर से ऐसी निरीक्षण कार्रवाई आगे भी जारी रखने की बात कही गई है।

# 428.57 लाख से संवरेगा एबट माउंट

- इको-टूरिज्म हब के रूप में होगा विकसित
- 428.57 लाख की लागत से के एमवीएन के माध्यम से विकसित होगी विश्वस्तरीय पर्यटन परियोजना



**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**लोहाघाट।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दूरदर्शी नेतृत्व में जनपद चम्पावत में पर्यटन विकास को नई गति मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री के निर्देशों तथा जिलाधिकारी मनीष कुमार के मार्गदर्शन में ऐतिहासिक एबट माउंट को एक प्रमुख 'इको-टूरिज्म हब' के रूप में विकसित करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है।

इसी क्रम में 428.57 लाख की लागत से विस्तृत परियोजना प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया है। इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन हेतु कुमाऊं मंडल विकास निगम को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है।एबट माउंट, जो समुद्र तल से लगभग 6,400 फीट की ऊंचाई पर स्थित है, अपनी प्राकृतिक सुंदरता, शांत वातावरण और ऐतिहासिक धरोहरों के लिए विख्यात रहा है। प्रस्तावित परियोजना का उद्देश्य इस क्षेत्र की पारिस्थितिकी संतुलन को सुरक्षित रखते हुए इसे आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक आकर्षक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करना है, ताकि यह राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सके।

परियोजना की जानकारी देते हुए केएमवीएन के अभियंता संजय जोशी ने बताया कि एबट माउंट में पर्यावरण अनुकूल 'डोम हट्स' का निर्माण किया जाएगा।

इन हट्स को स्थल की भौगोलिक बनावट के अनुरूप इस प्रकार स्थापित किया जाएगा कि प्राकृतिक वनस्पति को न्यूनतम क्षति पहुंचे। योजना के अंतर्गत कुल 6 डोम हट्स का निर्माण तीन ऊंचे प्लेटफॉर्म पर किया जाएगा, जिनमें लकड़ी के डेक फ्लोरिंग की व्यवस्था होगी।इन हट्स को सभी मौसमों के अनुकूल डिजाइन किया जाएगा तथा इनमें आधुनिक सुविधाओं के साथ बड़ी खिड़कियां होंगी, जिससे पर्यटक हिमालयी प्राकृतिक दृश्यों का आनंद ले सकेंगे।इसके अतिरिक्त, परियोजना के तहत सुरक्षित पैदल मार्ग, सीढ़ियां, व्यूइंग एरिया, बैठने की समुचित व्यवस्था, टिकट काउंटर, पार्किंग, खेल मैदान एवं खान-पान हेतु ईटरी जैसी सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी।

एबट माउंट की ऐतिहासिक धरोहर—ब्रिटिशकालीन कॉटेज, चर्च एवं मॉरिस अस्पताल—को संरक्षित रखते हुए पर्यटन से जोड़ा जाएगा।जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि इस परियोजना से न केवल क्षेत्र में संतुलित एवं सतत पर्यटन विकास को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने बताया कि प्रशासन इस योजना को पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता के साथ धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है।

यह पहल 'आदर्श चम्पावत' के विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी, जिससे जनपद की पहचान एक प्रमुख इको-टूरिज्म गंतव्य के रूप में स्थापित होगी।

## सोमेंद्र की मौत का जिम्मेदार कौन ?

### हादसा या लापरवाही तीन बहनों का छीन गया इकलौता भाई

### इकलौते बेटे की मौत की खबर सुन सदमे में चली गई मां

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**



**चंपावत।** गोरल चौड़ मैदान में राजकीय पॉलिटेक्निक की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान एक छात्र द्वारा फेंका गया भाला लगने से पॉलिटेक्निक के छात्र 20 वर्षीय होनहार छात्र सोमेंद्र सिंह बोहरा की मौत हो गई । पर उनकी मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। इसमें पॉलिटेक्निक प्रशासन की भी बड़ी लापरवाही सामने नजर आ रही है ।खेल प्रतियोगिता को इतनी लापरवाही से क्यों संचालित किया जा रहा था। इतनी भीड़ में छात्रों को भाला क्यों फैकने दिया गया। बिना खेल प्रशिक्षकों के प्रतियोगिता संचालित क्यों की जा रही थी।

यह कई सवाल है जो लापरवाही को साफ दर्शा रहे है। लापरवाही के चलते एक घर का इकलौता चिराग बुझ गया तीन बहनों से उनका इकलौता भाई छीन गया। मां अपने इकलौते बेटे को पुकारते पुकारते सदमे में चली गई। पिता से उसके होनहार बेटे को छीन लिया गया। पर इस घटना का जिम्मेदार कौन है। घटना को लेकर लोगों में काफी गहरी नाराजगी है लोग इसे साफ-साफ पॉलिटेक्निक प्रशासन की लापरवाही बता रहे है।

### भाला लगने से हुई छात्र की मौत मामले में एसपी ने किया घटनास्थल का मुआयना




**चंपावत।** चंपावत के गौरल चौड़ मैदान में जैवलिन थ्रो के दौरान हुई छात्र की मौत के मामले मे एसपी चंपावत रेखा यादव के द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके का बारीकी से जायजा लिया तथा उपस्थित पुलिस अधिकारियों को घटना के संबंध में विस्तृत जांच कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। एसपी चंपावत में कहा मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी गलती पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मालूम हो आज रा० पॉलिटेक्निक चंपावत की खेल प्रतियोगिता के दौरान भाला लगे से 20 वर्षीय छात्र की दर्दनाक मौत हो गई थी।

## लोहाघाट महाविद्यालय में तीन दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव का रंगारंग आगाज



**लोहाघाट ।** महाविद्यालय में सांस्कृतिक सचिव अग्रिम पुनेठा व छात्र संघ के तत्वाधान में तीन दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री निर्मल माहरा व प्राचार्य डॉक्टर संगीता गुप्ता के द्वारा दीप

प्रज्वलित कर किया गया। सांस्कृतिक उत्सव में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के दौरान छात्र प्रतिनिधियों ने मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकों को ज्ञापन सौंपते हुए विभिन्न छात्र हितों से जुड़े मुद्दों को सामने रखा।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे और सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ-साथ अपनी समस्याओं को भी प्रशासन तक पहुंचाया। ज्ञापन में महाविद्यालय में शैक्षणिक सुविधाओं के सुधार, खेल सामग्री की उपलब्धता तथा अन्य मूलभूत आवश्यकताओं को लेकर मांगें रखी गईं।मुख्य अतिथि एवं उपस्थित शिक्षकों ने छात्रों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर छात्रसंघ पदाधिकारी एवं एबीवीपी कार्यकर्ता के साथ महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रही जिन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।महाविद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। सांस्कृतिक सचिव अग्रिमा पुनेठा ने कहा तीन दिनी सांस्कृतिक उत्सव में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक व जागरूकता कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने समस्त सहयोगियों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम मे संयोजक रेखा जोशी, प्रदेश छात्रसंघ प्रमुख विवेक पुजारी छात्रसंघ अध्यक्ष शिखर वर्मा, प्रदेश सह मंत्री एबीवीपी कुशाग्र वर्मा, जिला संयोजक नीरज सगटा, सांस्कृतिक सचिव अग्रिमा पुनेठा, कोषाध्यक्ष राहुल बिष्ट, महासचिव हिमांशु चंद ,उपाध्यक्ष पंकज जोशी, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि मुकेश कुमार, ऋतिक ढेक, मनीष बिष्ट, हिमानी ,नीलम ,डॉ स्वाति बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

## चम्पावत व बाराकोट में स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त

**चंपावत।** जनपद में जन समस्याओं के प्रति जिलाधिकारी मनीष कुमार के सख्त निर्देशों के बाद चम्पावत तथा बाराकोट ब्लॉक में सम्बन्धित विभागों ने त्वरित सफाई अभियान चलाया।जिला पंचायत, उत्तराखंड शहरी विकास विभाग एवं संबंधित कार्यदायी संस्थाओं द्वारा समन्वय के साथ कार्य करते हुए प्रभावित क्षेत्रों को शीघ्र ही व्यवस्थित कर दिया गया है।बाराकोट ब्लॉक मुख्यालय स्थित पोखरीखाल खेल मैदान में बने जिला पंचायत के सार्वजनिक शौचालय में गंदगी की शिकायत का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल प्रभाव से सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी कमलेश सिंह बिष्ट ने अवगत कराया कि निर्देशों के अनुपालन में शौचालय की पूर्ण रूप से सफाई कर दी गई है तथा भविष्य में इसकी नियमित देखरेख सुनिश्चित की जाएगी।इसके साथ ही जनपद मुख्यालय के मादली वार्ड से छतार स्थित वीर शिवा स्कूल तक उत्तराखंड शहरी क्षेत्र विकास अभिकरण द्वारा पाइपलाइन बिछाने के बाद कार्य पूर्ण होने के पश्चात नालियों एवं स्क्रबर के चोक रहने से गंदा पानी सड़कों एवं आवासीय क्षेत्रों में फैल रहा था।जिलाधिकारी के निर्देशानुसार उत्तराखंड शहरी क्षेत्र विकास अभिकरण के परियोजना प्रबंधक अंकित आर्या ने निर्देशानुसार जलभराव की समस्या समाप्त करा दी है, जिससे स्थानीय निवासियों को गंदगी व कीचड़ से राहत मिली है। अब आवागमन पुन: सुचारू हो गया है।जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जन समस्याओं के समाधान में तत्परता, गुणवत्ता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए, जिससे आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

## भाकियू ने दूरस्थ क्षेत्र का भ्रमण कर सुनी किसानों की समस्याएं

**पाटी।** भारतीय किसान यूनियन ( भानू)चंपावत के पदाधिकारियो ने भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष नवीन करायत के नेतृत्व में चंपावत जिले के पाटी ब्लॉक के दूरस्थ पटन गांव आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर किसानो की समस्याओं को सुना। किसान यूनियन जिलाध्यक्ष नवीन करायत व उपाध्यक्ष राजकिशोर शाह ने बताया पटन गांव व उसके आसपास के क्षेत्र में आजकल किसानों के द्वारा बड़ी तादाद मे टमाटर की खेती की गई है। उन्होंने कहा किसानों ने समस्याओं के बारे में यूनियन को बताया सिंचाई के लिए बनाई गई गूले क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जिस कारण फसलों की सिंचाई में दिक्कत आ रही है, जंगली जानवर फसलों को काफी नुकसान पहुंचा रहे है , अच्छी प्रजाति का बीज उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। दूरस्थ क्षेत्र के किसानों ने आरोप लगाते हुए कहा कृषि विज्ञान केंद्र का उन्हें लाभ नहीं मिल पा रहा किसान कृषि विज्ञान केंद्र व उनकी योजनाओं के बारे में कुछ नहीं जानते है किसानों ने कहा उनकी उपज का उन्हें उचित मूल्य नहीं मिल पाता है बिचौलियों के द्वारा उनका शोषण किया जा रहा है।

# पुराने कोषागार भवन पर बनेगी बंग भवन की दो मंजिला इमारत

## महापौर ने विधायक और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ किया स्थलीय निरीक्षण



**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा को धरातल पर उतारने के लिए नगर निगम ने तेजी से कवायद शुरू कर दी है। इसी क्रम में बंगाली समाज की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करने की दिशा में अहम कदम उठाते हुए बंग भवन के लिए नया स्थान चिन्हित कर लिया गया है। महापौर विकास शर्मा ने विधायक शिव अरोरा, प्रशासनिक अधिकारियों और बंगाली समाज के प्रतिनिधियों के साथ स्थलीय निरीक्षण कर स्थल का चयन किया और अधिकारियों को शीघ्र डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए।

विदित हो कि बंगाली समाज लंबे समय से जिला मुख्यालय पर बंग भवन के निर्माण की मांग करता आ रहा है। महापौर विकास शर्मा के प्रयासों से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस भवन के निर्माण की सार्वजनिक घोषणा की थी, जिसके तहत प्रथम किश्त भी जारी की जा चुकी है। पूर्व में नगर निगम द्वारा मोदी मैदान के पास भूमि चिन्हित की गई थी, लेकिन तकनीकी अड़चनों के चलते भूमि हस्तांतरण संभव नहीं हो पाया। इसके बाद वैकल्पिक स्थान को लेकर पुनः मंथन किया गया। महापौर ने विधायक शिव अरोरा, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडे, एडीएम पंकज उपाध्याय, तहसीलदार दिनेश कुटोला तथा बंगाली समाज के गणमान्य लोगों के साथ किच्छा बाईपास रोड स्थित आकांक्षा ऑटोबाइल के सामने उस भवन का निरीक्षण किया, जहां पूर्व में कोषागार कार्यालय संचालित होता था। यह भवन वर्तमान में जर्जर स्थिति में है। विस्तृत निरीक्षण और विचार विमर्श के बाद सर्वसम्मति से इस स्थान को बंग भवन के लिए उपयुक्त माना गया और इसे अंतिम रूप से चिन्हित कर लिया गया।

महापौर विकास शर्मा ने बताया कि लगभग 1400 वर्ग फीट क्षेत्रफल में बने पुराने भवन को ध्वस्त कर यहां अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित दो मंजिला भवन का निर्माण कराया जाएगा। प्रस्तावित भवन में बेसमेंट पार्किंग की व्यवस्था के साथ सामुदायिक कार्यक्रमों, सांस्कृतिक आयोजनों और बैठकों के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शीघ्र डीपीआर तैयार कर शासन को भेजी जाए, ताकि स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा सके।

महापौर ने कहा कि यह केवल एक भवन का निर्माण नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक पहचान और सामुदायिक एकता को सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि बंग भवन बंगाली समाज के लिए ऐतिहासिक सौगात साबित होगा, जहां उनकी सांस्कृतिक गतिविधियों को एक सशक्त मंच मिलेगा। आगे कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन और सहयोग से रुद्रपुर में विकास कार्यों को नई गति मिली है। शहर को सुनियोजित और आधुनिक स्वरूप देने के लिए लगातार योजनाएं तैयार की जा रही हैं और आने वाले समय में कई बड़ी परियोजनाएं धरातल पर उतरेंगी। महापौर ने स्पष्ट कहा कि रुद्रपुर के समग्र विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और प्रत्येक वर्ग की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

## विधायक शिव ने टिन शेड निर्माण का किया लोकार्पण



**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** विधानसभा रुद्रपुर के अंतर्गत ग्रामसभा बरिराई के गांव मकरन्दपुर में विधायकनिधि से स्वीकृत 25 लाख की लागत के विशाल टीन शेड के निर्माण कार्य का लोकार्पण विधायक शिव अरोरा द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर मकरन्दपुर गांव पहुंचने पर क्षेत्रवासियों द्वारा विधायक शिव अरोड़ा का गर्मजोशी के साथ स्वागत अभिनंदन किया गया

इस दौरान विधायक शिव अरोड़ा ने कहा मुकंदपुर गांव में यह विशाल टिन शेड के निर्माण से इसका लाभ सार्वजनिक बैठक , धार्मिक, सामाजिक आयोजन अब आसानी से किया जा सकेंगे, निश्चित रूप से टिन शेड के निर्माण की मांग बहुत लंबे समय से चली आ रही थी 25 लाख की लागत से यह विशाल टिन शेड का निर्माण विधायक निधि से मेरे द्वारा करवाया गया मैं इससे पहले भी रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के आने को ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में भी अनेकों स्थान पर टिन शेड का निर्माण कार्य कराया, उन्होंने कहा पिछले 4 वर्ष के कार्यकाल में रुद्रपुर क्षेत्र जो विकास के क्रम में पीछे रहा गया था वह अब तेज गति से आगे बढ़ रहा है, जिसमें बहुत महत्वाकांक्षी बड़ी-बड़ी योजनाओं से लेकर हमने बहुत बड़ी बड़ी सड़कों का निर्माण कार्य भी कराया जो पिछले 12 से 15 वर्षों से जर्जर हाल में पड़ी थी।

विधायक शिव अरोड़ा बोले विकास कार्य में कोई कमी नहीं है विपक्ष सिर्फ झूठ और ब्रह्म की राजनीति कर रहा है क्योंकि उसके पास सिर्फ आलोचनाओं के अलावा कुछ बचा नहीं जबकि जनता भाजपा सरकार व उनके विधायक द्वारा किए जा रहे कार्यों को हाथों हाथ ले रही है और उनकी सराहना भी कर रही है, हमने जनता की मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आयुष्मान कार्ड पर 5 लाख का इलाज हो या गरीबों को मिलने वाला फ्री राशन, ईएसआई कार्ड पर श्रमिकों का मुफ्त इलाज और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बिना गारंटर का मुद्रा लोन जिससे वह स्वयं का व्यापार कर अपने पैरों पर खड़ा हो सके, ऐसी बहुत सी योजना केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जाए हम कार्य करने में विश्वास रखते हैं जबकि विपक्ष झूठ की राजनीति और झूठी बातो से जनता को भ्रमित करता आया लेकिन जनता अब समझ चुकी है जनता का विश्वास नरेंद्र मोदी मैं भाजपा सरकार के साथ है और राज्य में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड तेज गति से विकास कार्य कर रहा है।इस दौरान ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर सांसद प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर मंडल अध्यक्ष भाजपा जगदीश विश्वास किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेश बजाज बीडीसी महेंद्र सैनी, मन्नू चौधरी, दयाल सिकदार, प्रतिश बाला, इंद्रपाल चौधरी, गुरबाज दुमरा, प्रकाश कुमार, सूरज, ममता देवी, रानी मंडल, सुरजीत, मोहन सिंह, गुरजीत सिंह आदि लोग मौजूद रहें।

## चमोली के छात्र आदित्य का राष्ट्रीय स्तर पर चयन




**पोखरी/चमोली।** पोखरी ब्लॉक के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय विरसण के कक्षा 10 के छात्र आदित्य का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। आदित्य ने इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है।

देहरादून के मांडूवाला स्थित एक निजी संस्थान में आयोजित राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता 2025-26 में आदित्य ने अपने नवाचारी 'स्मार्ट कन्नी' मॉडल से निर्णायकों को प्रभावित किया। आदित्य द्वारा विकसित यह विशेष कन्नी (मिस्त्री का औजार) बटन के माध्यम से चौड़ी और संकरी की जा सकती है, जिससे संकरी जगहों पर कार्य करना आसान हो जाता है। यह उपकरण निर्माण कार्य में समय, श्रम और संसाधनों की बचत करने में सहायक सिद्ध हो सकता है।इस अभिनव विचार की प्रेरणा आदित्य को अपने पिता से मिली, जो पेशे से मिस्त्री हैं। कार्य के दौरान आने वाली कठिनाइयों को देखते हुए उन्होंने इस समस्या का समाधान खोजने का प्रयास किया और यह उपयोगी मॉडल तैयार किया।इस प्रोजेक्ट को साकार करने में विद्यालय के शिक्षक संदीप नेगी का विशेष मार्गदर्शन रहा। उन्होंने बताया कि यह मॉडल न केवल नवाचार का उत्कृष्ट उदाहरण है, बल्कि भविष्य में निर्माण कार्य के क्षेत्र में उपयोगी साबित हो सकता है।आदित्य की इस उपलब्धि पर मुख्य शिक्षा अधिकारी आकाश सारस्वत, खंड शिक्षा अधिकारी विनोद मटुड़ा, उप शिक्षा अधिकारी नेहा भट्ट, जनपद विज्ञान समन्वयक गंभीर असवाल, ब्लॉक विज्ञान समन्वयक संदीप नेगी, विद्यालय के प्रधानाचार्य गजेंद्र रावत, एसएमसी अध्यक्ष जयदीप बुटोला, ग्राम प्रधान शंकर नेगी तथा क्षेत्र पंचायत सदस्य ईश्वर नेगी सहित समस्त विद्यालय स्टाफ और अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त किया है। सभी ने आदित्य को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## 25 सूत्रीय कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन में चम्पावत बना प्रदेश का नंबर-1 जनपद

**चंपावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार के नेतृत्व में जनपद चम्पावत ने विकास के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है।

नियोजन विभाग, अर्थ एवं संख्या निदेशालय द्वारा जारी वित्तीय वर्ष 2025-26 के मार्च माह के प्रगति प्रतिवेदन में जनपद चम्पावत ने 25 सूत्रीय कार्यक्रमों के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन के आधार पर पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

जारी रैंकिंग के अनुसार, चम्पावत ने 51 योजनाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 92.05 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं, पिथौरागढ़ जनपद 50 योजनाओं में 91.35 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर तथा रुद्रप्रयाग जनपद 43 योजनाओं में 86.03 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहा।जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी दीप्तकीर्ति तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत इको-टूरिज्म विकास, मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, वृक्षारोपण एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन जैसे विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में जनपद का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा है।इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि शासन की योजनाओं को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू करने में सभी विभागों ने समर्पण और समन्वय के साथ कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।जिलाधिकारी ने इस उल्लेखनीय सफलता के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी उत्साह, प्रतिबद्धता और गुणवत्ता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

## महिलाओं के हक के साथ विश्वासघात किया विपक्ष ने : धीरेंद्र

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री धीरेंद्र मिश्रा ने कहा कि समूचे विपक्ष ने महिलाओं को छला है और उनके हक के साथ विश्वासघात किया है कि संसद में महिला आरक्षण बिल पारित नहीं होने दिया जबकि भाजपा देश की आधी आबादी महिलाओं के उत्थान के लिए निरंतर प्रयास कर रही थी लेकिन महिला विरोधी विपक्ष इसे पचा नहीं पाया और संसद में सरकार का साथ नहीं दिया। जिससे यह बिल अधर में लटक गया ऐसे में देश की महिलाएं उन्हें माफ नहीं करेंगे। श्री मिश्रा ट्रांजिट कैंप के समीप रामा कॉलोनी में जनता के साथ चाय पर चर्चा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने हाई स्कूल सीबीएसई में अव्वल रही गुंजन सिंह और अनिमेष चौहान को पटका पहनकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा देश की बेटियों महिलाओं को आगे बढ़ना देखना चाहती है ताकि वह देश के निर्माण में अपना पूर्ण सहयोग दे सके लेकिन कांग्रेस और विपक्षी दल महिलाओं को आगे बढ़ता नहीं देख सकते। इसके चलते आज देश की महिलाएं आरक्षण बिल पास न होने के कारण बेहद आकोर्षित हैं।

## लव जिहाद व धर्मांतरण के खिलाफ विहिप ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**अल्मोड़ा।** विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने लव जिहाद, धर्मांतरण और अन्य कथित अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। यह पहल जिला मंत्री विजय सिंह सिराड़ी के नेतृत्व में की गई। ज्ञापन में देश के विभिन्न हिस्सों में सामने आए मामलों का उल्लेख करते हुए इन घटनाओं पर चिंता जताई गई और इसे सुनियोजित गतिविधियों से जोड़कर सख्त कदम उठाने की मांग की गई। संगठन ने प्रशासन से कहा कि ऐसी गतिविधियों पर नजर रखी जाए और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। विहिप ने चेतावनी दी कि यदि नगरों के साथ-साथ पहाड़ी क्षेत्रों में भी इस प्रकार के मामले सामने आते हैं और प्रभावी कार्रवाई नहीं होती है, तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इसके साथ ही सार्वजनिक और सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों को भी गंभीर मुद्दा बताते हुए उन्हें हटाने की मांग की गई। ज्ञापन में लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण को रोकने के लिए कठोर केंद्रीय कानून बनाने, जनजातीय क्षेत्रों में सुरक्षा तंत्र मजबूत करने और समाज में वैमनस्य फैलाने वाली गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की मांग भी उठाई गई। ज्ञापन में मोहित त्रिपाठी, गोपाल सिंह नयाल, अर्जुन फत्याल, वैभव जोशी, सौरव जोशी, हर्षित जोशी, महेंद्र जोशी, प्रियांशु और शांति नयाल सहित अन्य कार्यकर्ताओं के हस्ताक्षर हैं।

## कल्याणी नदी के छठ घाट में शव मिलने से सनसनी

**रुद्रपुर।** आज प्रातः रविंद्र नगर स्थित कल्याणी नदी के छठ घाट में एक नग्न शव मिलने से हड़कंप मच गया।सूचना मिलने पर मौके पर तमाम लोगों की भीड़ जमा हो गई और पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंच गई। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने लोगों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाल कर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक कल्याणी नदी के छठ घाट में आज प्रातः एक अज्ञात युवक का नग्न शव छठ घाट में तैरता पाया गया। जिसकी जानकारी मिलने पर तमाम लोग मौके पर पहुंच गए।